

## एक नजर में

### रोचक मुकाबलों में मां अंबे और फोर यू ने जीता मैच

**रतलाम।** शनिवार को दो बत्ती स्थित नेहरू स्टेडियम पोलो ग्राउंड में रतलाम ट्रॉफी 2026 रात्रिकालीन क्रिकेट स्पर्धा अक्षय संघवी मित्र मंडल द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में आज के मुख्य अतिथि भाजपा उपाध्यक्ष सोनू यादव, मंडल अध्यक्ष निलेश गांधी, नंद किशोर पंवार, भाजपा वरिष्ठ नेता राकेश मिश्रा, अखिलेश गुप्ता, चंदन सिंह चौहान, रजत शर्मा रहे तथा मंच पर संयोजक सुशील संघवी, संरक्षक अशोक जैन लाला व आयोजक मंडल मंचासीन रहा। अतिथियों का स्वागत अक्षय संघवी मित्र मंडल द्वारा किया गया। तत्पश्चात खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए अतिथियों ने खिलाड़ियों से मुलाकात की और खिलाड़ियों ने अतिथियों का मोतियों की माला से स्वागत किया। शनिवार को तीन मैच गये। पहला मैच यंग स्टार और फोर यू के बीच रहा। फॉर यू हासिल की फोर यु ने 70 रन बनाए जबकि यंग स्टार 30 रन ही बना सकी। इस प्रकार फोर यु ने जीत हासिल की। मैन ऑफ़ द मैच लोकेंद्र बासींद्रा रहे। दूसरा मैच मां अंबे और आपका अपना के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर मां अंबे ने पहले बल्लेबाजी की और आपका अपना ने 45 रन बनाए और मां अंबे को 46 रन का लक्ष्य दिया। पीयूष कप्तान और हेमंत यादव ने शानदार बल्लेबाजी करते हो पांच ओवर में 7 विकेट से जीत हासिल की मैन ऑफ द मैच हेमंत यादव रहे तथा तीसरा एमपी पुलिस और अवेंजर के बीच खेला गया तथा कल रविवार को तीन मैच खेले जाएंगे। शुक्रवार का तीसरा मैच जवाहर और गुरु बायज के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी जवाहर ने 130 रन बनाएं जबाब मे गुरु बॉयज 60 ही रन बना सकी। जिसमें जवाहर ने 70 रन से जीत हासिल की। मैन ऑफ़ द मैच नईम पठान रहे। इस आयोजन में समिति अध्यक्ष अक्षय संघवी, संरक्षक अशोक जैन लाला, हितेश बरमेचा, ओम जाट, पीयूष कप्तान, विकल्प साखला, वसीम खान, सोहन कटारिया, कुंदन बन्ना, सुनील राठौड़, रवि सेन, बलवंत सिंह गोयल, मुकेश व्यास, तन्मय राठौड़, किशन सोनी, अजय सोनी, जतीन उपाध्याय, अक्षत उपाध्याय, मोनू मराठा, अंकित परासिया, रुद्र शर्मा सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। उक्त जानकारी समिति सदस्य पीयूष कप्तान द्वारा दी।

### श्री चौमुखा महादेव पर भक्त आस्था से करवा रहे है अभिषेक



**रतलाम।** सनातन धर्म सभा एवं महारुद्र यज्ञ समिति द्वारा प्रारंभ की गई। बागड़ों का वास स्थित श्री चौमुखा महादेव दैनिक अभिषेक यजमान योजना दिन पर दिन गति पकड़ती जा रही है। अब आए दिन किसी ने किसी अजमान के द्वारा अभिषेक किया जा रहा है। विगत दिवस हाईकोर्ट अभिभाषक प्रणव व्यास एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमति पारुल द्वारा अभिषेक किया गया। इसी कड़ी में सनातन धर्म सभा के सक्रिय कार्यकर्ता एवं समाजसेवी धर्मनिष्ठ सुरेश दवे के पुत्र नितिन दवे तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती दीपिका तथा पौत्री युक्ति दवे ने सपरिवार अभिषेक किया। इसी प्रकार बिरियाखेड़ी निवासी शंकर लाल सिरवी के सुपुत्र प्रवीण सिरवी एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमति मनीषा द्वारा भी अभिषेक किया गया। उक्त जानकारी देते हुए अभियान के संयोजक जुगल पंड्या ने बताया की जैसे-जैसे लोगों को अभिषेक के संबंध में जानकारी प्राप्त हो रही है, वैसे-वैसे श्रद्धालु जन अभिषेक करने हेतु आगे आ रहे हैं। पंडित त्रिभुवन पंड्या द्वारा संपन्न कराए गए, इन अभिषेक के समय अन्य भक्तगण भी उपस्थित थे। अभिषेक व्यवस्थापक अंकित मिश्रा द्वारा कराई जाती है। अभिषेक संयोजक जुगल पंड्या ने धर्म प्रेमी सज्जनों से इस योजना में सहभागिता कर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# 20 पुलिसकर्मियों का अति उत्कृष्ट और उत्कृष्ट सेवा पदक के लिए चयन

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** जिले में अति उत्कृष्ट और उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मचारियों को सेवा का सम्मान मिलेगा। इसके लिए

**पुलिस में पदस्थ पुलिसकर्मियों को सराहनीय सेवाओं के लिए मिलेगा सम्मान**

20 कर्मचारियों का विभाग ने चयन किया गया।

पुलिस में पदस्थ कुल 20 पुलिसकर्मियों को वर्ष 2025 के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार का अति उत्कृष्ट और उत्कृष्ट सेवा पदक के लिये चयन किया गया। इसमे से 6 पुलिसकर्मियों को अति उत्कृष्ट एवं 14 पुलिसकर्मियों का उत्कृष्ट सेवा पदक के लिये चयन किया गया है। पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार द्वारा अति उत्कृष्ट पदक एवं उत्कृष्ट सेवा पदक प्राप्त करने वाले पुलिसकर्मियों को बधाई दी। प्रआर बलराम पाटीदार को पूर्व में डीजीपी पदक एवं उत्कृष्ट सेवा पदक भी मिला चुका है।

**इन्हें मिलेगा अति उत्कृष्ट सेवा पदक**

प्रआर विशेश्वरनाथ राय, बीडीडीएस ब्रांच जिला रतलाम
प्रआर संतोष निगम, बीडीडीएस ब्रांच जिला रतलाम
प्रआर धीरेन्द्रसिंह सांकला, जिला रतलाम
प्रआर कैलाशचन्द्र शर्मा, जिला रतलाम
प्रआर बलराम पाटीदार, जिला रतलाम
प्रआर राकेश पाण्डेय जिला रतलाम

**इन्हें मिलेगा उत्कृष्ट सेवा पदक**

प्रआर (चालक) पप्पु बाघेला, जिला रतलाम
प्रआर मुकेश कुमार राजपूत, जिला रतलाम
प्रआर धीरज गावडे, जिला रतलाम
प्रआर दीपक योगी, जिला रतलाम
प्रआर शहजाद मेव, जिला रतलाम
प्रआर कमल नावडे, जिला रतलाम
प्रआर चत्तरसिंह बारिया, जिला रतलाम
प्रआर नन्हेलाल पंवार, जिला रतलाम
प्रआर (ट्रेड) पवन कुमार पंवार, जिला रतलाम
प्रआर दिनेश पण्डया, जिला रतलाम
प्रआर जितेन्द्र सिंह चौहान, जिला रतलाम
प्रआर गणेश प्रताप सिंह, जिला रतलाम
आरक्षक विकास सिंह नेगी, बीडीडीएस, जिला रतलाम
मआर देवकी, धेप्टे, जिला रतलाम



## 12 को श्रम संगठनों की देशव्यापी हड़ताल

**रतलाम।** 12 फरवरी 2026 को श्रम संगठनों की देशव्यापी हड़तालश्रम संगठनों के संयुक्त समिति की बैठक रविवार को शास्त्री नगर स्थित स्र्क्र कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में 12 फरवरी 2026 को होने वाली देशव्यापी हड़ताल के पोस्टर का विमोचन किया गया एवं केंद्र सरकार के श्रम संबंधी काले कानून के विरोध में हड़ताल को जोर-शोर से करने की तैयारी की गई। बैठक में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव यूनियन के अभिषेक जैन, निखिल मिश्रा, ईश्वर लाल पुरोहित (पोस्ट एंड टेलीग्राफ), कीर्ति कुमार शर्मा (प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन), कृष्णा सोनगरा (आंगनवाड़ी सहायिका एकता यूनियन), चरण सिंह यादव (समग्र पेंशनर्स संगठन), रणजीत सिंह राठौड़ (जनवादी लेखक संघ), जितेंद्र सिह भूरिया (मध्य प्रदेश किसान सभा), श्रीमती गीता राठौर (जनवादी महिला सभा), एम एल नगावत (मध्यान भोजन कर्मी एकता यूनियन) उपस्थित थे। फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेसेंटेटीव्स एसोसिएशन्स ऑफ इंडिया (एफएमआरआई) ने इस हड़ताल के मद्देनजर मेडिकल एवम सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स की रोज़मर्रा की समस्याओं और उनसे जुड़े कानूनी प्रावधानों के लिए निम्नलिखित 8 सूत्री मांगपत्र तैयार किया है।

## पुलिस ने बैठक लेकर डीजे निर्धारित ध्वनि पर ही चलाने के दिए निर्देश

**रतलाम।** पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार के मार्गदर्शन में, रविार को पुराने पुलिस कंट्रोल रूम रतलाम में शहर के मैरिज गार्डन/मैरिज हॉल एवं डीजे-बैंड संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक रतलाम सत्येंद्र घनघोरिया एवं एस डी एम सुश्री आर्ची हरित द्वारा मैरिज गार्डन एवं डीजे संचालकों को आवश्यक समझाइश दी गई।

**मैरिज गार्डन एवं डीजे, बैंड संचालकों की पुलिस अधिकारियों ली बैठक**

बैठक में बताया गया कि उच्च न्यायालय एवं शासन द्वारा निर्धारित ध्वनि तीव्रता सीमा से अधिक आवाज में डीजे/साउंड सिस्टम का संचालन नहीं करे, अन्यथा कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। रात्रि में निर्धारित समय (रात्रि 10 बजे के बाद) के उपरांत डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। डीजे संचालन के दौरान डेसिबल सीमा का कड़ाई से पालन अनिवार्य है। सार्वजनिक/सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान अनर्गल, आपत्तिजनक एवं अश्लील गीतों का प्रसारण प्रतिबंधित रहेगा। मैरिज गार्डन/मैरिज हॉल के प्रवेश द्वार एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे लगाना अनिवार्य है, तथा डीजे सिस्टम के पास भी कैमरा लगाया जाना चाहिए। आयोजनों के दौरान शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में संचालकों का सहयोग अपेक्षित है। किसी भी प्रकार की लापरवाही, उल्लंघन या नियम विरुद्ध गतिविधि पाए जाने पर संबंधित संचालक के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया, एसडीएम सु आर्ची हरित, थाना प्रभारी स्टेशन रोड जितेंद्र सिंह जादौन, उप निरीक्षक देवीलाल पाटीदार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## छोटी-मोटी गलती की आपराधिक धाराओं को हटाया : कैबिनेट मंत्री काश्यप

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** इज ऑफ डूइंग व्यापार को सरल कैसे करना, इस पर बजट में कई प्रावधान है। व्यापारिक जगत में सरकारी तंत्र का कम से कम इंवॉल्वमेंट हो, उस पर चिंतन किया गया है। छोटी-मोटी गलती की आपराधिक धाराओं को

**भाजपा द्वारा व्यापारियों से संवाद एवं परिचर्चा संपन्न**

हटाया गया है। किसी कारण से किसी को कोई आमदनी हो, तो उस पर 78 प्रतिशत टैक्स लगता था, बजट में उसे 38 प्रतिशत कर दिया गया है। बजट में जिन कारणों से तनाव होता था, उन्हे सरल कर दिया गया है।

यह बात सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने कही। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी द्वारा केंद्रीय बजट 2026 को लेकर आयोजित व्यापारियों से संवाद एवं परिचर्चा को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, महापौर प्रहलाद पटेल, विधानसभा संयोजक मनोहर पोरवाल, पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा, बजट टोली जिला संयोजक महामंत्री जयवंत कोठारी, टोली सदस्य व्यापारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक रजनीश गोयल, व्यवसायिक प्रकोष्ठ संयोजक सीए रजनीश जैन, जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी, सोश्यल मीडिया जिला संयोजक करण वशिष्ठ मंचासीन रहे।



श्री काश्यप ने बजट के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आम जनमानस के बीच बजट को लेकर 70 सालों तक आय-व्यय पत्रक की धारणा बनी रही है, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इसमे बड़ा बदलाव आया है। केंद्रीय बजट अब आंकड़ों का मायाजाल नहीं होकर वास्तविक रूप देश की अर्थ व्यवस्था का पत्रक बन रहा है। बजट वैसे ही देश का रोड मैप होता है, देश की दिशा क्या हो और उसे किस मार्ग पर ले जाना है, ये इससे ही तय होता है। मोदीजी के नेतृत्व में इस साल का बजट विकसित भारत की संकल्पना पूरा करने का आधार बना है, जिससे हर वर्ग का देश के विकास में योगदान सुनिश्चित होगा।

मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि अमेरिका से ट्रेड डील के बाद दुनिया में भारत का मान बढ़ा है। मोदीजी देश के पहले प्रधानमंत्री है, जिन्होंने भारत के लिए विकासशील से विकसित होने की दिशा निश्चित की है। प्रधानमंत्रीजी के नेतृत्व में देश की इकोनामी ग्रोथ बड़ी है। किसी भी देश के विकसित होने का पहला मापदंड गरीबी से मुक्त होना होता है और इस दिशा में भारत लगातार आगे बढ़ रहा है। मोदी जी ने बजट में जो रोडमैप दिया है, वह पूरा विकास का है। आरंभ में जिलाध्यक्ष श्री उपाध्याय ने स्वागत भाषण दिया। संचालन जयवंत कोठारी ने किया। आभार रजनीश गोयल ने माना।

## ई-अटेंडेंस का विरोध, पुरानी पेंशन की मांग को लेकर शिक्षकों ने निकाली रैली

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** अध्यापक शिक्षक संवर्ग की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के तत्वावधान में रविवार कौ रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा गया। नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता

**जनसुनवाई में आए 96 आवेदन निराकरण के लिए संबंधित**

निर्धारण, ई-अटेंडेंस प्रणाली का विरोध, पुरानी पेंशन बहाली, ग्रेच्युटी सहित 21 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला स्तरीय वाहन पेंशन रैली रविवार को गुलाब चक्कर से निकाली गई। इसके पूर्व जिलेभर से आए शिक्षक-शिक्षिकाओं का एकत्रीकरण गुलाब चक्कर में हुआ। रैली गुलाब चक्कर से प्रारंभ होकर नगर निगम, कॉलेज रोड, लोकेन्द्र टॉकीज चौराहा, दो बत्ती, कॉन्वेंट स्कूल तिराहा, फव्वारा चौक, नवीन कलेक्टर कार्यालय महू रोड होते हुए पुनः गुलाब चक्कर पहुंची। यहां मुख्यमंत्री नायब तहसीलदार रामचंद्र पांडे को ज्ञापन सौंपा गया। संभाग अध्यक्ष प्रकाश शुक्ला एवं जिलाध्यक्ष सुनील गोंड़ ने रैली का नेतृत्व किया।



इस दौरान जिला सचिव राजेश स्वर्णकार, जिला उपाध्यक्ष हरिराम जाटवा व रमेश उपाध्याय, संभागीय उपाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, संभागीय कोषाध्यक्ष अजुज़्न राठौर, रतलाम ब्लॉक अध्यक्ष विजय डोडियार, जावरा ब्लॉक अध्यक्ष अशोक कुमार दडिंग, पिपलोदा ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश जगदेव, सैलाना ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश परमार, बाजना ब्लॉक अध्यक्ष तेजू डोडियार, तरन्नुम जहाँ, रेखा पंवार, ललिता कुशवाह, संतोष पाल, धमेज़्द्र शमाज़्, प्रकाश हरनिस सोलंकी, गोविंद पाटीदार, कन्हैया लाल पाटीदार, राजेन्द्र चौहान, सादिक खान व भुप्रकाश मालवीय आदि मौजूद रहे। संचालन जिला सचिव राजेश स्वर्णकार व आभार जिलाध्यक्ष सुनील कुमार गोंड़ ने माना।

**मांगे नहीं मानी तो तेज होगा आंदोलन : शुक्ला**

संघ संभाग अध्यक्ष प्रकाश शुक्ला का कहना है कि यदि अब भी शिक्षकों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को ओर तेज किया जाएगा। आगामी अप्रैल माह में प्रस्तावित प्रदेश की राजधानी भोपाल में बहुत ही बृहद स्तर का कार्यक्रम होगा।

**ई-अटेंडेंस शिक्षकों के सम्मान के प्रति कुठाराघात है : गौड**

जिलाध्यक्ष सुनील कुमार गोंड़ ने कहा कि ई-अटेंडेंस शिक्षकों के सम्मान के प्रति कुठाराघात है। सरकार कहती है कि बिना शिक्षकों के कोई भी कार्य पूर्ण नहीं हो सकता है, चाहे निर्वाचन हो या जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य। किंतु ऐसा लगता है कि सरकार को अपने कर्मचारियों पर नही प्राइवेट ऐप्प पर ज्यादा भरोसा हैं।

## क्रेडिट कैंप में 15 करोड़ के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित

**रतलाम/जावरा।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की कृषि उपज मंडी, अरनिया पीठा शाखा में शनिवार को एमएसएमई क्रेडिट कैंप का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भोपाल अंचल से अंचल प्रमुख धीरज गोयल रहे। अध्यक्षता रतलाम क्षेत्रीय प्रमुख संतोष कुमार ने की। अतिथि रतलाम एलडीएम मोहनलाल मीणा तथा मंडी सचिव आर वासुनिया उपस्थित थे। कार्यक्रम में क्षेत्र के करीब 200 व्यापारियों ने भाग लेकर बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कैंप में संयुक्त रूप से ग्राहकों को लगभग 15 करोड़ के एमएसएमई ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए। अरनिया पीठा शाखा प्रबंधक अनुराग धुर्वे रहे। संचालन क्षेत्रीय कार्यालय के मार्केटिंग प्रमुख त्रिलोक सांकला ने किया। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्रेडिट कैंप लगातार आयोजित किए जा रहे

## रक्तदान शिविर में जिपं सीईओ ने भी किया रक्तदान

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** वैश्य समाज के मार्गदर्शक स्व. नारायण प्रसाद गुप्ता की पुण्यतिथि पर वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई ने भारतीय

**पुण्यतिथि पर वैश्य महासम्मेलन का रक्तदान शिविर**

रेड क्रॉस के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित किया। जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में आयोजित इस शिविर में समाज के युवाओं और वरिष्ठों ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई।

शिविर का शुभारंभ स्वर्गीय नानाजी को भावांजलि अर्पित कर किया गया। सेवा के इस पुनीत कार्य में युवा इकाई जिला अध्यक्ष राज लुनिया ने सर्वप्रथम स्वयं रक्तदान कर इसकी शुरुआत की। समाज सेवी मदन सोनी की प्रेरणा से लोकेश बाथम ने भी रक्तदान किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ वैशाली जैन ने सराहनीय पहल की। रक्तदान की सूचना मिलते ही उन्होंने स्वयं युवा इकाई अध्यक्ष राज लुनिया को रक्तदान की इच्छा व्यक्त की और तुरंत जिला अस्पताल पहुँचकर रक्तदान किया। प्रशासनिक अधिकारी और युवा नेतृत्व को रक्तदान करते देख वहां मौजूद अन्य युवाओं में भी भारी उत्साह देखा गया।



**वरिष्ठ पदाधिकारियों रहे मौजूद:** मुख्य रूप से रेड क्रॉस अध्यक्ष प्रीतेश गादिया, वैश्य जिला प्रभारी संजय छाजेड़, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ललित चोरड़िया, युवा इकाई नगर अध्यक्ष सुमित तलेरा और समाज सेवी मदन सोनी उपस्थित रहे। अतिथियों ने युवा इकाई के इस प्रयास की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य नहीं है और यह आयोजन समाज की एकता व अटूट सेवा भावना को प्रदर्शित करता है। युवा इकाई जिला अध्यक्ष राज लुनिया ने कहा कि नानाजी के पदचिन्हों पर चलते हुए समाज हमेशा सेवा कार्यों में अग्रणी रहता है। 'हमारा एक छोटा सा योगदान किसी का जीवन बचा सकता है' इसी उद्देश्य पर शिविर संपन्न हुआ।



## उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने अवनी कुँवर को दिया आशीर्वाद

**जावरा।** ग्राम बामनखेड़ी निवासी महेंद्र सिंह सोलंकी की सुपुत्री अवनीकुँवर के विवाह समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा स्नेहपूर्वक शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने नवविवाहित दंपती को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल एवं सुखमय दांपत्य जीवन की कामना की। समारोह में विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, जिला महामंत्री महेश सोनी, भाजपा नगर अध्यक्ष राजेश शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय सकलेचा, मनोहर पांचाल, प्रांजल पांडे, सुरेश पोरवाल, अनिल धारीवाल, मनीष ऊँटवाल, महेंद्र चौहान, रजत सोनी, देवेंद्र सिंह जादौन, शरद डूंगरवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने परिवारजनों से आत्मीय भेंट कर शुभकामनाएं दीं और कहा कि बेटी का विवाह हर परिवार के लिए विशेष और भावनात्मक क्षण होता है। उन्होंने नवदंपती के सुखद भविष्य, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना करते हुए अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

## राष्ट्रसंत कमल मुनि कमलेश जन्मोत्सव का शुभारंभ

**जावरा।** राष्ट्रसंत कमल मुनि कमलेश के जन्मदिन उत्सव की शुरुआत रविवार से हो गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय जैन दिवाकर विचार मंच, नई दिल्ली के वरिष्ठ मार्गदर्शक अभय सुराणा ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रसंत का जन्मोत्सव 8 फरवरी से 22 फरवरी तक देश के 18 राज्यों में 15 दिवसीय सेवा-साधना के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवधि में शिक्षा, चिकित्सा, सेवा एवं संस्कार आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समारोह में श्रीमद् भागवत गीता पीठ कुरुक्षेत्र, राष्ट्रीय स्वर्णिम भारत मंच, राष्ट्रीय गौ रक्षा सेवा समिति, राष्ट्रीय मुस्लिम अहिंसा मंच, राष्ट्रीय सर्वधर्म संसद, अखिल भारतीय वीरवाल जैन युवक संघ तथा दिवाकर मंच की युवा एवं महिला शाखाओं सहित अनेक राष्ट्रीय संस्थाओं की भागीदारी रहेगी। सभी स्थानों पर धार्मिक, सामाजिक और जनकल्याणकारी गतिविधियां आयोजित होंगी। लगभग 8800 वर्गफीट क्षेत्र में बन रहा यह छात्रावास विद्यार्थियों के लिए शिक्षा एवं संस्कार का केंद्र बनेगा।

**परेशानी** — **लेबड़-नयागांव फोरलेन की सर्विस रोड बनी पार्किंग**

# एसडीएम की नाक के नीचे ट्रैफिक बेहाल, तो कैसा होगा शहर का हाल?

नवभारत न्यूज़

**जावरा।** शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के दावे कागजों तक सीमित दिखाई दे रहे हैं। हालत यह है कि जहां से प्रशासन रोज गुजरता है, वहीं व्यवस्था दम तोड़ रही है। फोरलेन पर जावरा के चौपाटी चौराहे से लेकर मंदसौर और रतलाम की ओर बनी दोनो सर्विस रोड तक अव्यवस्था इस कदर हावी है कि राहगीरों और वाहन चालकों का निकलना मुश्किल हो गया है और तो और शहर के अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के सामने ही बस चालक बस रोककर सवारी चढ़ाते और उतारते हैं, वहीं सवारी लेने ऑटो और यात्री वाहन भी जमा हो जाते हैं। वैसे भी जावरा की ट्रैफिक व्यवस्था इन दिनो भगवान भरोसे चल रही है। शहर के प्रशासनिक कार्यालय के सामने ही व्यवस्था चरमरा रही है, तो शहर के अंदरूनी इलाकों की कल्पना करना मुश्किल नहीं। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन की नाक के नीचे चल रही अव्यवस्था पर प्रशासन और ट्रेपिक विभाग कार्रवाई करता है या फिर जाम यूं ही रोज शहर की रफ्तार रोकता रहेगा। फोरलेन बनने के बाद सर्विस रोड का उद्देश्य स्थानीय यातायात को सुगम करना था, लेकिन अब यही सर्विस रोड स्थायी पार्किंग और अतिक्रमण का केंद्र बन चुकी है। चौपाटी चौराहे से लेकर चौपाटी रोड़ पर कई दुकानदारों ने अपने सामान फैला रखा हैं, ऊपर से हाथ ठेले वालों ने सड़क पर दुकानदारी लगा रखी हैं। उन सभी के आगे दुकानदारों ओर ग्राहकों के वाहन, नतीजा आधी सड़क तो कब्जों में और बाकी आधी बेतरतीब खड़े दोपहिया-चारपहिया वाहनों में घिर जाती है। सर्विस रोड़ पर कई गैरेज हैं जो सर्विस रोड़ पर गाड़ियों को खोलकर सर्विस करते हैं। जिससे सर्विस रोड़ पर आने जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ती हैं। सर्विस रोड़ पर जगह नहीं मिलने से उन्हे मुख्य लेन से जाना पड़ता हैं जिससे दुर्घटना का खतरा लगातार बना रहता है। शाम के समय तो यहां से निकलना किसी चुनौती से कम नहीं।



**सर्विस रोड बनी नो-रूल पार्किंग**

सर्विस रोड पर दुकानों के सामने ग्राहक अपने वाहन जैसे-तैसे खड़े कर देते हैं। कहीं तिरछे, कहीं बीच सड़क — कोई नियम नहीं, कोई रोक-टोक नहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार छोटे बच्चों, कॉलेज के विद्यार्थियों और बुजुर्गों को वाहनों के बीच से निकलते समय परेशानी उठानी पड़ती हैं।

**बस स्टैंड और एसडीएम कार्यालय के सामने रोज जाम:** स्थिति सबसे ज्यादा गंभीर बस स्टैंड के सामने स्थित अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) कार्यालय के बाहर है। कार्यालय के ठीक गेट के सामने ऑटो, यात्री वाहन और निजी वाहन खड़े रहते हैं। बस स्टेण्ड से निकलकर बस चालक यात्री चढ़ाने-उतारने के नाम पर वाहन एसडीएम आफीस के बाहर खड़ी कर देते हैं। कई बार वाहन को सड़क के बीच रोक दिए जाते हैं। इसी बीच बड़े ट्रक गुजरते हैं, ऐसे में हादसों का खतरा सदैव बना रहता हैं।

**कई बार हो जाती हैं झड़प:** स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का कहना है कि कई बार छोटे-मोटे विवाद और झड़प तक की स्थिति बन जाती है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा। सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि जब एसडीएम कार्यालय के सामने ही रोज जाम लगता है, तो शहर के अन्य इलाकों की स्थिति कैसी होगी? नगरवासियों का कहना है कि समय-समय पर अभियान चलाकर केवल चालानी कार्रवाई की जाती है, लेकिन अतिक्रमण और अवैध पार्किंग जस-की-तस बनी रहती है।